the source would be Rs. 3.47 crores out of which the revenue from Tamil Nadu would be Rs. 32.78 lakhs.

(b) As the number of unauthorised powerlooms in the country is estimated to be anything between 75,000 to 1 lakh, the estimated loss on account of these powerlooms operating without the Textile Commissioner's permit would be Rs. 75 lakhs to Rs. 1 crore. No separate figures are available for Tamil Nadu.

### पांच सितारों वाले होटल

6463. **श्री श्याम सुन्दर सोमानी :** क्या पर्यटन और नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सहकारी क्षेत्र में इस समय पांच सितारों वाले कितने होटल हैं;

(ख) इन होटलों ने वर्ष 1975-76 के दौरान कितना लाभ कमाया; और

(ग) क्या सरकार का विचार कुछ नये पांच सितारों वाले होटलों का निर्माण करने का है?

**पर्यटन और नागर विमानन मन्त्री (श्री पुरुषोत्तम कौशिक** (क) सार्वजनिक क्षेत्र में फिलहाल एक होटल है जिसका 5-स्टार डीलक्स के रूप में श्रेणी विभाजन किया गया है परन्तु 3 और ऐसे होटल हैं जिनका वर्ग-विभाजन अभी किया जाना है, 5-स्टार वर्ग की सुविधाएं प्रस्तुत करते हैं।

(ख) 1975-76 के दौरान भारत पर्यटन विकास निगम के तीन होटलों ने 103.66 लाख रुपये का लाभ कमाया, जबकि होटल कारपोरेशन ऑफ इंडिया से संबंधित चौथे होटल ने यद्यपि 1.93 लाख रुपये का परिचालन लाभ कमाया परन्तु मूल्य-ह्रास तथा ब्याज के लिए व्यवस्था करने के पश्चात् उसने 127.61 लाख रुपये की हानि उठाई।

(ग) नए 5-स्टार वर्ग के होटलों के निर्माण पर मार्किट आवश्यकताओं को दृष्टि में रखते हुए तथा संतोषजनक व्यवहार्यता अध्ययन, वित्तीय साधनों की उपलब्धता तथा अन्य सरकारी प्राथमिकताओं के सापेक्ष विचार किया जाएगा।

### राजस्थान में पर्यटन का विकास

5464. **श्री श्याम सुन्दर सोमानी :** क्या पर्यटन और नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान में पर्यटन विकास के लिए जून, 1973 से 30 जून, 1976 तक केन्द्रीय सरकार ने राजस्थान सरकार को कितनी सहायता दी है;

(ख) क्या सरकार ने उन कारणों की जांच की है जिनके परिणामस्वरूप राजस्थान में पर्यटन के विकास में बाधा पहुंची है; और

(ग) क्या चित्तौड़गढ़ के ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए उसे पर्यटक आकर्षण केन्द्र के रूप में विकसित करने हेतु सरकार के पास कोई विशेष योजना है?

**पर्यटन और नागर विमानन मन्त्री (श्री पुरुषोत्तम कौशिक):** (क) जून, 1973 से जून, 1976 की अवधि के दौरान राजस्थान में पर्यटक सुविधाओं के विकास के लिए भारत पर्यटन विकास निगम द्वारा 32,73,289.00 रु० के लगभग की सहायता प्रदान की गई।

(ख) राज्य सरकार तथा केन्द्रीय पर्यटन विभाग ने संयुक्त रूप से 1976 के दौरान राजस्थान का पर्यटन संभाव्यता सर्वेक्षण प्रायोजित किया। इस पर्यटन सर्वेक्षण के जांच-परिणामों के अनुसार जिन कारणों ने राज्य में पर्यटन के विकास में बाधा उत्पन्न की, वे थे—पर्यटन के आधारभूत साधनों का अभाव तथा पर्यटन को प्रोत्साहित करने के अपर्याप्त प्रयत्न।